हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

12 प्लास्टिक से सड़क, पर्यावरण की सुरक्षा ...



12 समाज को एक सूत्र में पिरोया बाबा ने, 'मनखे...



## विडंबना: पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासन की तैयारी ऊंट की मुंह में जीरा

# धान कटाई के बाद पराली में लगा रहे आग, लोगों की सेहत पर असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के हजारों हेक्टेयर में फैली धान की फसल की कटाई के बाद खेतों में बची पराली को किसान आग लगा रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता की सेहत पर पड़ रहा है। जिले में पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासन की तैयारी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे जिले में मात्र 4 से 5 पराली रोलर मशीनें उपलब्ध हैं। हजारों हेक्टेयर में फैली फसल के अवशेषों को समेटने के लिए यह संख्या नगण्य है। इतना ही नहीं, पराली को सड़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाले डी-कंपोजर की उपलब्धता भी चिंताजनक है। जिले को मात्र 2000 डोज ही प्राप्त हुए हैं, जो कि क्षेत्रफल के हिसाब से बेहद कम हैं। एक तरफ जहां हजारों किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ संसाधनों की कमी ने उनके धैर्य की परीक्षा ले ली है। किसान भी नहीं चाहते कि वे समाज को बीमारी दें, लेकिन बिना सरकारी सहयोग के उनके हाथ बंधे हुए हैं।



### पराली में लगाई आग

जिला मुख्यालय के समीपस्थ गांव भुरका, लाफिन कला, लाफिन खुर्द, परसकोल, बम्हनी, चिंगरौद समेत दर्जन भर गांवों में प्रतिबंध के बाद भी खेतों में पड़े पैरा और परालियों में आग लगाई जा रही है। धान की कटाई के बाद रबी फसल बुआई की तैयारी शुरू हो चुकी है और किसान पराली और पैरा में आग लगा रहे हैं।

### अनुबंध का अभाव और किसानों की बेबसी

अक्सर सरकारें दावा करती हैं कि पराली को गौठानों या बिजली संयंत्रों तक पहुंचाया जाएगा, लेकिन जिले में पलारी अनुबंध का कोई ठोस प्रबंध नहीं दिख रहा है। किसानों का कहना है कि न तो कोई एजेंसी पराली उठाने आ रही है और न ही भंडारण की कोई व्यवस्था है। क्षेत्र के किसान रामू यादव ने बताया है कि अगली फसल (रबी) की बुवाई के लिए हमारे पास समय कम है। अगर मशीनें नहीं मिलेंगी और कोई पराली लेकर नहीं जाएगा, तो हमारे पास उसे जलाने के अलावा क्या विकल्प बचता है।

### धुएं की चादर और सेहत पर संकट

जिले के कई हिस्सों में शाम होते ही धुंध की एक मोटी परत छा जाती है, जिससे दृश्यता कम हो रही है और सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। अस्पतालों में दमा, ब्रोंकाइटिस और सांस लेने में तकलीफ वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। हवा में मौजूद बारीक कणों के कारण बच्चों और बुजुर्गों की आंखों में लगातार जलन और पानी आने की समस्या हो रही है। जहरीले धुएं के कारण दिल के मरीजों की घबराहट बढ़ रही है।

### मिट्टी की उर्वरता को भी नुकसान

पराली जलाना न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि यह जमीन के मित्र कीटों को भी खत्म कर देता है। आग की वजह से मिट्टी की ऊपरी परत की उर्वरता नष्ट हो रही है, जिसका असर भविष्य की पैदावार पर पड़ेगा। पराली की समस्या केवल किसानों की नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी की है। सहकारी समितियों के माध्यम से अतिरिक्त मशीनों की व्यवस्था। गौठानों में पराली दान करने के लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि। ब्लॉक स्तर पर डी-कंपोजर की निर्बाध आपूर्ति करनी होगीं।

## खबर संक्षेप

### पुजारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुरु घासीदास मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अंजोरदास कोसरे निवासी वार्ड नं. 13 ग्राम खरोरा ने बताया कि वह गुरू घासीदास मंदिर का पुजारी है और 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई थी, रात्रि करीब 07.30 से 8 बजे के मध्य वह गुरु घासीदास मंदिर में पूजा पाठ कर रहा था, उसी समय गांव का देवा पटेला आया और प्रसाद ग्रहण कर गुरू घासीदास में चढ़े नारियल को उठाकर कलश को गिराने लगा, जिस पर उसने मना किया, लेकिन आरोपी देवा पटेला ने तुम मुझे मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2) , 296 , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में धान खरीदी केंद्र का कंप्यूटर ऑपरेटर घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से धान खरीदी केंद्र बावनकेरा का कंप्यूटर ऑपरेटर घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को राज किशोर सिन्हा निवासी ग्राम बावनकेरा ने बताया कि वह धान खरीदी केंद्र बावनकेरा में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। वह 14 दिसंबर को वह अपनी बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 9509 से वह खल्लारी के आगे पाली रोड मां खल्लारी फ्यूल्स के पहले पहुंचा था तभी करीबन 7.30 बजे पाली की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0450 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके दाहिने साईड को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दाहिने हाथ एवं पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- अब तक 258 प्रकरणों से 30,126 .24 क्विंटल धान जब्त

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में गठित संयुक्त टीमों के माध्यम से जिलेभर में व्यापक जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत अब तक कुल 258 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनसे 30,126.24 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जो कि राज्य में सर्वाधिक है। इनमें अवैध धान परिवहन, अवैध भंडारण एवं नियमों के विरुद्ध विक्रय से जुड़े 240 प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा जिले की 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर अनियमितताएं पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किए गए हैं। संयुक्त टीम में राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, जो जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकियों, राइस मिलों एवं धान उपार्जन केंद्रों पर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। धान खरीदी अवधि के दौरान विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ताकि, किसानों के हितों की रक्षा हो सके। कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निगरानी अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित रूप से जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## बीटीआई रोड पर अनोखी मरम्मत



**महासमुंद।** शहर के कलेक्टोरेट मार्ग में इन दिनों गौरव पथ निर्माण का कार्य जारी है। जर्जर हो चुके इस मार्ग को मरम्मत की दरकार महसूस हो रही थी लेकिन, डामर रोड में सीमेंट और गिट्टी भरकर गड्ढों को भरा जा रहा है। इस काम चलाऊ मरम्मत पर एक कर्मचारी ने बताया कि अभी तो नई डामर सड़क भी बनेगी। नागरिकों ने इस अस्थाई मरहम–पट्टी को सरकारी धन की बर्बादी बताया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण


**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत द्वितीय बैच का दो दिवसीय टोरेंट प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया। टेली-मेंटरिंग फॉर रूरल हेल्थ ऑर्गनाइज़र ऑफ़ छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एचआईएमएचएएनएस) बेंगलुरु के संयुक्त प्रयास से जिले में एक पहल है, जो महासमुंद के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर विज्ञान संस्थान बेंगलुरु से नर्सिंग ट्यूटर रिया कुमारी ने आज द्वितीय बैच में 74 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बहुत ही सरलता से मानसिक स्वास्थ्य तथा मानसिक विकारों को विभिन्न श्रेणियों के बारे में जैसे कि (सामान्य, गंभीर, नशे से संबंधित, तंत्रिका संबंधी, बच्चों एवं किशोरों की मानसिक बीमारियों) के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को मानसिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, पहचान, परामर्श, रेफरल और फॉलो-अप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में रामगोपाल खूंटे पीएसडबलू, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं टेकलाल नायक मॉनिटरिंग ऑफिसर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मतदाता सूची से मृत और प्रवासी बाहर, 93 हजार नाम कटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में चुनावी बिसात बिछने से पहले ही एक बड़े सर्जिकल स्ट्राइक ने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। जिला प्रशासन द्वारा किए गए एसआईआर सर्वे के पूरा होने के बाद जिले की मतदाता सूची का जो नया स्वरूप सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में किए गए इस गहन सत्यापन के बाद कुल 93 हजार 704 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं।

यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक ऐसा आंकड़ा है जो हार और जीत के बीच का अंतर तय करने की क्षमता रखता है। इतनी बड़ी संख्या में नाम कटने से अब जिले का सियासी रंग पूरी तरह बदलने वाला है। जिले में पहले कुल 8.86 लाख मतदाता दर्ज थे। गहन जांच और घर-घर जाकर किए गए सत्यापन के बाद अब तस्वीर बदल चुकी है। जिले में कुल मतदाता 8,86,422 हैं। जिसमें गणना प्रपत्र जमा करने वाले 7,92,718 हैं एवं मृत मतदाता जो अब तक सूची में रहे उनकी संख्या 24,459 और स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोग की संख्या 37,215हैं। अज्ञात/लापता मतदाता की संख्या 23,996 हैं। दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता 7,344 हैं। सर्वे ने उन 7,344 लोगों को भी बेनकाब कर दिया है, जिन्होंने जिले के साथ-साथ दूसरे स्थानों पर भी अपने मतदाता पहचान पत्र बनवा रखे थे। यह सीधे तौर पर चुनावी नियमों का उल्लंघन है। वहीं, 23,996 मतदाता ऐसे मिले जिनका कोई अता-पता नहीं है। ये अज्ञात वोटर अक्सर चुनाव के अंतिम घंटों में निर्णायक भूमिका निभाते थे, लेकिन अब डिजिटल शुद्धिकरण के कारण यह संभव नहीं होगा।



### मृत और प्रवासी मतदाताओं का वोट बैंक हुआ खत्म

सर्वे में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 24,459 ऐसे मतदाता अभी भी कागजों पर जीवित थे, जिनकी मृत्यु वर्षों पहले हो चुकी है। चुनाव के दौरान अक्सर इन नामों पर फर्जी मतदान की शिकायतें आती रही हैं। इसके अलावा, 37,215 लोग जिले को छोड़कर स्थायी रूप से बाहर जा चुके हैं, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची की शोभा बढ़ा रहे थे। प्रशासन द्वारा इन नामों को हटाए जाने के बाद अब चुनावी मैदान में जीतने वाले प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ना तय है।

### कैसे बदलेगा सियासी रंग

पिछले चुनावों में कई प्रत्याशी 5 से 10 हजार वोटों के अंतर से जीते थे। अब जबकि 93 हजार वोट कटे हैं, तो जीत-हार का यह समीकरण पूरी तरह बदल जाएगा। राजनीतिक दलों को अब अदृश्य वोटों के बजाय जमीन पर मौजूद मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा। बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए अब चुनौती बढ़ गई है। उन्हें अब केवल वास्तविक निवासियों को ही मतदान केंद्र तक लाना होगा अब जब मतदाता सूची 'फिल्टर' हो चुकी है, तो आगामी चुनावों में जनता का असली फैसला सामने आएगा। अब देखना यह है कि इस नई सूची के आधार पर राजनीतिक दल अपनी बिसात कैसे बिछाते हैं।



# किरण ने वेटलिफ्टिंग में जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेस्ट जोन भारोत्तोलन लीग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 से 19 दिसंबर तक स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स नयापुरा कोटा राजस्थान में किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की बालिका यूथ टीम शामिल होने 13 दिसंबर को राजस्थान रवाना हुई। बागबाहरा की किरण बघेल 13 जुलाई को पाटन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थीं। किरण ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता राजस्थान में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। समापन समारोह में अतिथियों ने मैडल एवं 5 हजार रु. का चेक प्रदाय कर किरण को पुरस्कृत किया। प्रदेश भारोत्तोलन संघ, जिला संघ के पदाधिकारियों एवं जिले के खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया है। राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में किरण बघेल के कांस्य पदक जीतने एवं उपलब्धि हासिल करने पर जिला वेटलिफ्टिंग संघ अध्यक्ष खिलावन बघेल, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला संघ सचिव गणेश कोसरे, टीम प्रशिक्षक सुमित बघेल, हिरेंद्र देवांगन, डॉ. सेवनदास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, नीलम सिन्हा, इंद्राणी भास्कर, रामेश्वरी दीवान, अंजनी साहू ने हर्ष जताया है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर उजागर



**महासमुंद।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही वैधानिक कार्रवाई से कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हो गया है। यह मामला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए गंभीर आर्थिक अनियमितताओं को दर्शाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत का हवाला देकर नेशनल हेराल्ड अख़बार के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने निजी लाभ के लिए करोड़ों रुपए की संपत्तियों पर कब्ज़ा किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस जांच एजेंसियों पर दबाव बनाने और राजनीतिक प्रतिशोध का झूठा आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि देश की जांच एजेंसियां पूरी स्वतंत्रता के साथ और कानून के दायरे में रहकर कार्य कर रही हैं। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू ने दी है।

## आम आदमी पार्टी की हुई लोकसभा स्तरीय बैठक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में महासमुंद एवं रायपुर लोकसभा की बैठक हुई। जिसमें दो लोकसभा के 5 जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसमें 17 विस आते हैं। 17 विधानसभा के संगठन के लिए विशेष चर्चा की गई। बैठक सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार चली। छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर है। पूरे छत्तीसगढ़ के गांव में सभी जगह वाल पेंटिंग कराया जा रहा और गांव की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है और भविष्य में भी आंदोलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की जनता तीसरे विकल्प की तलाश कर रही है। आम आदमी पार्टी विगत कई दिनों से छत्तीसगढ़ पूरे राज्य में कई आंदोलन किया गया, जिसमें बिजली बिल वृद्धि, किसान धान खरीदी आदि पर चर्चा हुई।

**आयोजन:** पोस्टर प्रतियोगिता में ज्योति एवं भाषण में अख्तरून निशा रही प्रथम

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का शुभारंभ, हुई पोस्टर एवं भाषण स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में विज्ञान संकाय द्वारा प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में रजत जयंती वर्ष और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा उत्प्रेरित एवं समर्पित से 19 से 22 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित है।



राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम प्रथम दिवस 19 दिसंबर को भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुजन श्रीनिवासन एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य करुणा दुबे ने की। साथ ही मनीराम धीवर कार्यक्रम संयोजक, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, रूपावती, रोहिणी देवांगन अतिथि व्याख्याता गणित मंचस्थ रहे। सभी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में मनीराम धीवर द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस के बारे में बताया। गणित दिवस मनाने के उद्देश्य को बताया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि गणित दिवस पर आइए हम महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद करें, जिन्होंने अपने अद्वितीय गणितीय कौशल से दुनिया को आश्चर्यचकित किया। गणित हमारी दैनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और यह विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम गणित को एक चुनौती के बजाय एक रोमांचक अवसर के रूप में देखें और अपने जीवन में गणित की शक्ति को पहचानें। अधिक से अधिक बच्चे गणित में रुचि दिखाएं और अपने भविष्य का निर्माण करें।

भाषण प्रतियोगिता में दुर्गा बरिहा, टीना निषाद, डोमेश्वरी, हिमाद्रि चक्रधारी, अख्तरून निशा, गीताजंली निषाद ने अपने भाषण प्रस्तुत किया। भाषण के निर्णायक प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, रुपावती अतिथि व्याख्याता गणित एवं प्रकाशमणि साहू जनभागदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र रहे। इसमें प्रथम अख्तरून निशा बीएससी अंतिम वर्ष गणित, द्वितीय दुर्गा बरिहा बीएससी प्रथम सेमेस्टर गणित, तृतीय हिमाद्रि चक्रधारी बीएससी अंतिम वर्ष गणित रही। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति साहू बीएससी तृतीय वर्ष, रेणुका साहू बीएससी तृतीय वर्ष, तृतीय भूमिका साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर रहे। इसके निर्णायक डॉ प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकी, सीपी चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र रहे। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय से रोहिणी देवांगन अतिथि व्याख्याता गणित, मनीष साहू प्रयोगशाला तकनीशियन, हरिचंद निषाद प्रयोगशाला परिचारक, रोहित कन्नौजे प्रयोगशाला परिचारक सहित अधिक संख्या में विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रकाशमणि साहू ने किया।

# 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से पंचायत विकास प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

■ सरपंच संघ की बैठक, शासन से राशि जारी करने की मांग

सरपंच संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक विगत दिनों संपन्न हुई। जिसका मुख्य विषय 15वें वित्त आयोग की मूलभूत मद की राशि अब तक जारी नहीं होना रहा। बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों ने एक स्वर में कहा कि बिना वित्तीय संसाधनों के गांवों का विकास संभव नहीं है।



अध्यक्ष दिनेश्वर साहू ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि पंचायत विकास कार्यों में 15वें वित्त की मूलभूत राशि की अहम भूमिका होती है। लेकिन, चालू वित्त वर्ष में अब तक एक भी किश्त शासन द्वारा जारी नहीं की गई है। इसके कारण पंचायतों के आवश्यक कार्य ठप पड़े हैं और सरपंचों को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि कई ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं अन्य अत्यावश्यक कार्य दुकानदारों से उधार सामग्री लेकर कराए गए हैं। ऐसे में दुकानदारों का बकाया भुगतान न हो पाने से रोष की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश्वर साहू ने शासन से मांग की है कि पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की मूलभूत मद की राशि शीघ्र जारी की जाए, ताकि गांवों में रुके हुए विकास कार्यों को पुनः गति मिल सके और ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## खट्टा में श्रीमद भागवत कथा आज से

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम खट्टा में स्वर्गीय प्रीतम सिंह दीवान की स्मृति में पत्नी केशलता दीवान, पुत्र नितेश गोपिका दीवान, रविशंकर रामेश्वरी दीवान, शेखर चंद्रकला दीवान एवं जय खेमलता दीवान द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा अमृत वर्षा का आयोजन 20 दिसंबर से 27 दिसंबर तक रखा गया है। कार्यक्रम में कलश यात्रा, देव स्थापना, गोकर्ण कथा, तुलसी वर्षा, शोभा यात्रा इत्यादि प्रतिदिन होंगे। यहां नौ कुंडीय यज्ञ प्रातः 10 बजे से 12 तक होगा। कथा समय दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। कथावाचक पंडित कालीचरण शर्मा, यज्ञकर्ता सुलोचना शर्मा एवं कल्याणी शर्मा होंगे। कथा सुनने आसपास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शरीक हुईं जनपद अध्यक्ष दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत जोगीडीपा में बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। इस मौके पर महासमुंद जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने झंडा चढ़ा कर अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा को आत्मसात करते हुए सतनामी समाज की आस्था, सांस्कृतिक और सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर जन्मे सतनाम पंत के प्रवर्तक महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास के सत्य अहिंसा और समानता का जो कालजई संदेश दिया, वह आज भी समाज को दिशा और चेतना प्रदान कर रहा है। मनखे-मनखे एक समान और सतनाम का अमर दर्शन मानवता समरसता और न्याय के मूल्यों को सूचित करता है। बाबा गुरुधाम की छत्तीसगढ़ में सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागरण की मजबूत आधारशिला रखी, उनका जीवन दर्शन और विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक है। समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में रामस्वरूप दीवान, तेजराम कुर्रे, कुमार साहेब, निशा जोगी, हेमलता समेत सतनामी समाज के प्रमुखगण उपस्थित रहे।

## बाबा के उपदेशों को आत्मसात करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाज प्रमुख व नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग थे। अध्यक्षता सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जीतेंद्र चंद्राकर, पार्षद सूरज नायक रहे।



इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महिलांग ने बाबा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए सत्य के मार्ग पर चलने प्ररित किया। उन्होंने जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बाबा के उपदेशों को वास्तविक जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। कर्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम के समाज अध्यक्ष चोवा राम पटेला, कमलेश चंद्राकर, पंचगण मनीष चंद्राकर, जीतू मानिकपुरी, महेंद्र शुर्यवंशी, सरिता ढीढी, राखी पटेला, लक्षवंतीन सूर्यवंशी, सुखचंद कुर्रे, परशु बंजारे, हीरो बघेल, बलदाऊ पुरेना, अंजोर दास पुरेना, रविश सूर्यवंशी, राहुल पटेला, पालदास बंजारे, रवि सूर्यवंशी, हेमंत ढीढी, कमला आदि उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**



## प्रतिभा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का हुआ शुभारंभ

**सरायपाली।** स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी द्वारा आज शैक्षणिक सत्र 2025–26 के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का शुभारंभ किया गया। क्रीड़ा उत्सव का प्रथम दिवस विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल रहे। मंच पर उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य नरहरी पटनायक एवं उप-प्राचार्य नासिर खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकगण मैदान में रहकर विद्यार्थियों को सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान करते रहे। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव के प्रथम दिवस का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा किए गए अनुशासित मार्चपास्ट से हुआ। मार्चपास्ट के दौरान प्रज्वलित मशाल ने खेल भावना, एकता एवं अनुशासन का संदेश दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि अवधेश अग्रवाल ने वार्षिक क्रीड़ा उत्सव 2025–26 के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की। प्रथम दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, गोल फेंक, फुगड़ी, रस्सीकूद तथा 200 मीटर दौड़ प्रमुख रहीं। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना और अनुशासन का सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन में पीटी शिक्षक संजय कर, सनमय स्वाइन एवं अदिति कुमारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

## बरबसपुर में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला कल

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को रखा गया है। प्रातः 10 बजे सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा पालो चढ़ाकर शुभारम्भ किया जाएगा। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल पर बालक-बालिकाएं पंथी नृत्य की प्रस्तुती देंगे। रात्रि 10 बजे सनम टण्डन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, दाऊलाल भारती, धन्नू कोशले, पन्ना लाल भारती सहित सतनामी समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी हितेश सोनवानी ने दी हैं।

### आयोजन: राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने का लिया संकल्प

# न्यायाधीश ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 18 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ बनाने हेतु उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था।

इस राज्य स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। सम्मेलन की सह-अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल न्यायाधीश उच्च न्यायालय छग एवं कार्यपालक अध्यक्ष छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू न्यायाधीश उच्च न्यायालय छग एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अभिभाषण में इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं। उन्होंने व्यक्त किया कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पांच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।




इस अवसर पर न्यायमूर्ति सिन्हा के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालतों की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत 16 दिसंबर 2023 तथा वर्ष 2024 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत एवं वर्ष 2025 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परिवार न्यायालयों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास, न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय, न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु एवं न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की उपस्थिति रही।

### राज्य स्तरीय सम्मेलन हुआ

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्री के अधिकारीगण, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक एवं अधिकारीगण, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं अधिकारीगण, समस्त जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं परिवार न्यायालयों के न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव तथा समस्त जिलों से नामित पैरा लीगल वॉलंटियर्स भी उपस्थित रहे। द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को और अधिक सशक्त किया जाएगा तथा त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने हेतु न्यायपालिका एवं विधिक सेवा संस्थाओं की प्रतिबद्धता निरंतर बनी रहेगी।

## बिरकोनी में भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 24 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक श्रीमद महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन स्वर्गीय बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, नीलकंठ चंद्राकर, रत्नीबाई चंद्राकर, नारायण लाल चंद्राकर, फगनी बाई चंद्राकर की स्मृति पर चंद्राकर परिवार द्वारा किया गया हैं। कथा वाचक पंडित दीपक शर्मा, परायणकर्ता आशीष शर्मा उदयपुर वाले करेंगे। 24 को कलश यात्रा, भागवत स्थापना, वैराग्य कथा, गौकर्ण कथा, 25 को सुखदेव व्यास, नारद जन्म, राजा प्ररिक्षित श्राप, हिरण्याक्ष वध, 26 को कपिल मुनि, सति सनशुय्या, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 27 को राजा नहुष, प्रहलाद, समुद्र मंथन, वामन अवतार, 28 को राजा हरिशचंद्र, रामावतार, कृष्ण जन्म कथा, 29 को श्रीकृष्ण बाल लीला, मुचुकुंद उद्धार, रूखमणी मंगल विवाह, 30 को प्रद्युम्न जन्म, उषा-अनिरुद्ध विवाह, सुदामा चरित्र, 31 को द्वारिकाधिस का गौ लोक गमन, राजा परीक्षित मोक्ष, शोभायात्रा, 1 को भागवत गीता, तुलसी वर्षा, हवन सहस्त्र धारा, यज्ञ का पूर्णाहुति होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 12 से संध्या तक होगा। आयोजक चंदन चंद्राकर कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर भक्तगणों ने सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का आनंद लेने की अपील की हैं।

## गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रमों में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव व देवरी में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, अंकित बागबाहरा, जिला पंचायत सदस्य रवि फरौदिया, गरिमा केशव चंद्राकर, पारस सांखला, गिरीश पटेल, राकेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, केजू चक्रधारी मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना के पथ प्रदर्शक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके उपदेश समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत ही नहीं बल्कि विश्व के महान समाज सुधारकों में से एक थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया है। उनके विचार वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है। विधायक यादव ने उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। मुडागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लालजी जांगड़े, डेरहा टंडन, विजय जांगड़े, कमलनारायण टंडन, उत्तम सोनवानी, ओमप्रकाश सोनवानी, चंद्रहास साहू, राजकुमार ध्रुव, मोहन ठाकुर, सोहन ठाकुर, आशीष दीवान, खेमराज सिन्हा, ओकेश्वर ददीवान, चंद्रकांत साहू, अजय ध्रुव तथा ग्राम देवरी शांताराम साहू,



कामता पुरेना, ललित निराला, बिसाहू मारकंडे, खिलावन चंद्राकर, सोमनाथ महिलांग, लालजी जांगड़े, सियाराम टंडन, ओगेश्वर, चंद्रकांत साहू, लीलाधर टंडन, कमलनारायण, गंगाराम, मोहन राजपूत, रामदास कुर्रे, विजय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## आशीष शुक्ला के दशगात्र में ग्रीन केयर ने किया पौधा भेंट

**तेंदूकोना।** जन्म, विवाह, स्मृति, पर्व, उत्सव, तीज त्योहार के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा पौधा भेंट किए जाने के क्रम में तेंदूकोना निवासी आभा समीर शुक्ला के सुपुत्र युवा पत्रकार एवं सर्ववेदीय ब्राह्मण समाज के सक्रिय पदाधिकारी आशीष शुक्ला के देवलोक गमन पश्चात उत्तर क्रिया अंतर्गत दशगात्र कार्यक्रम के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा पौधा भेंट किया गया। ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं सर्व वेदीय ब्राह्मण समाज तेंदूकोना के संस्थापक अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, सर्व वेदीय ब्राह्मण समाज तेंदूकोना के वर्तमान अध्यक्ष एवं कथा प्रवक्ता पंडित भागीरथी दुबे द्वारा स्व. आशीष शुक्ला की स्मृति में पीपल का पौधा भेंटकर उनकी समाज के प्रति किए गए कार्यों, पत्रकारिता, समाज सेवा कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर बलराम दीक्षित, केके पांडेय, कथा शुक्ला, श्रीराम दीवान, तोरण दास बैरागी, राम प्रवेश पारकर, विनोद दीवान, चोवाराम साहू, पीलेश्वर पटेल, विकास साहू सहित दशगात्र में आए अतिथि शामिल हुए।



## सरगतोरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, मानदीप की टीम रही विजेता

**झलप।** ग्राम सरगतोरा में जय माँ सरारी क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि मुकेश यादव पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, अध्यक्षता खेदू राम पटेल सरपंच कसहीबाहरा, विशेष अतिथि सोमकांत यादव, घनश्याम यादव, सालिक राम यादव, नंदकुमार ध्रुव, देशी लाल खड़यिा, बसन्त यादव मंचासीन रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुकेश यादव ने कहा कि खेल को भाई चारा प्रेम से खेलना चाहिए, आपसी द्वेष के साथ नहीं। प्रत्येक खिलाड़ी में खिलाड़ी भावना होना चाहिए। इस प्रकार के खेल आयोजन से गांव की एकता, भाई चारा, प्रेम प्रदर्शित होता है, ऐसे आयोजन से बच्चे प्रेरित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। युवा पीढ़ी के लिए खेल आवश्यक है। इसके माध्यम से अपने समय का सदुपयोग कर इसमें अपना भविष्य बना सकते है। आज के युवा खेल प्रति जागरूक है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना की। मानदीप और पचपेड़ी की टीम का फाइनल मैच रोमांचक रहा। मानदीप की टीम विजेता बनी। पचपेड़ी की टीम उपविजेता रही। इस कार्यक्रम प्रथम पुरस्कार 12001 व कप के साथ मानदीप की टीम ने जीत का परचम लहराया। द्वितीय 7001 व शील्ड पचपेड़ी की टीम, तृतीय 5001 व शील्ड ठेलकाडबरी की टीम एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 व शील्ड आयोजक टीम जय मां सरारी क्रिकेट क्लब ने जीते। इनकेअलावा अन्य पुरस्कार भी रखे गए थे। इस अवसर पर सोमकान्त यादव, घनश्याम यादव, सालिक राम यादव, नंद कुमार ध्रुव, उदेराम पटेल, देशी लाल खड़यिा, बसंत यादव, लाभो राम यादव, लोकनाथ पटेल, भुनेश्वर यादव, भानू यादव, रोहित पटेल, परस राम यादव, कुलेश्वर बरिहा, महासिंह खड़यिा, संतोष यादव, चंद्रकुमार पटेल,विष्णु पटेल सहित बहुत से ग्रामीण उपस्थित थे।

## पालिका क्षेत्र में 7 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए 2 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** नगर पालिका क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कुल 30 वार्ड हैं, जिनमें वर्तमान में 23 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हो रही हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासमुंद से प्राप्त संयुक्त प्रस्ताव के अनुसार शहर के 7 वार्डों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानें खोले जाने की आवश्यकता बताई गई है। इस संबंध में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 9.(7) के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र महासमुंद के वार्ड क्रमांक 02 यतियतन लाल वार्ड, वार्ड क्रमांक 08 ठाकुर प्यारे लाल वार्ड, वार्ड क्रमांक 09 विश्वकर्मा वार्ड, वार्ड क्रमांक 10 डॉ. सुशील सेमुएल वार्ड, वार्ड क्रमांक 12 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, वार्ड क्रमांक 22 पं. जयलाल प्रसाद वार्ड तथा वार्ड क्रमांक 29 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन वार्डों में दुकान संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 1999 के अंतर्गत पंजीकृत अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम तथा पात्र वन सुरक्षा समितियां आवेदन कर सकती हैं। वन सुरक्षा समितियों का आवेदन की तिथि से कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत होना तथा सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव होना अनिवार्य होगा। उक्त वार्डों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक पात्र संस्थाएं विहित प्रारूप-1 में आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन पत्र 02 जनवरी 2026 तक कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा, महासमुंद में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर पालिका क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत उपरोक्त वार्डों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों के युक्तियुक्तकरण तथा नई संचालन एजेंसियों की नियुक्ति की कार्रवाई छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत की जाएगी।

## पथरला में प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन, विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं




**सांकरा।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरला में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार अब केवल फाइलों और दफ्तरों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे ग्रामीणों के बीच उनके गांव पहुंच रही है। मौके पर ही समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल रही है। विधायक डॉ अग्रवाल ने सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान डॉ. अग्रवाल ने बच्चों का अन्नप्राशन करवाकर उन्हें शुभाशीष दिया।

इस अवसर पर पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य जगमोती माई, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद सदस्य श्यामलाल बहावल, जनपद सदस्य विमला बेहरा, पिरदा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, ग्राम पंचायत पथरला सरपंच भरत चौधरी, जबलपुर सरपंच नित्यानंद नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, पूर्व जनपद सदस्य सोहन पटेल, सरपंच त्रिलोचन भोई, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल पिरदा तोषकुमार पटेल, युवा कार्यकर्ता दिनेश कश्यप, सोसायटी अध्यक्ष दीनदयाल भोई, वसंत साहू, नरोत्तम चौधरी, मनीराम निषाद, सरपंच भोजराम प्रधान, सुरेश पांडे, नायब तहसीलदार ललित सिंह, पिथौरा सीईओ योगेश्वरी वर्मन, महामंत्री सुभाष बंजारा मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन द्वारिका पटेल ने किया।

## मनरेगा का नाम बदलने पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा, योजना को मूलरूप से खत्म करने का लगाया आरोप

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है।खल्लारी विधायक यादव ने कहा कि महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने 2009 में यूपीए सरकार के तहत मनरेगा जैसी योजनाएं लागू की। जिसमें 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई और अगर समय पर काम नहीं मिलता तो बेरोजगारी भत्ता देने का



प्रावधान भी शामिल था। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान, यही योजना लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए जीवन रेखा साबित हुई, जिसने अपने गांवों में लौटे लोगों को रोजगार दिया। विधायक यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अब नए बदलावों के जरिए मनरेगा के मूल स्वरूप को ही खत्म करना चाहती है। विधायक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को दो चीज़ों से पक्की नफ़रत है-महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है-करोड़ों ग्रामीणों की ज़िंदगी का सहारा है, जो कोविड काल में उनका आर्थिक सुरक्षा कवच भी साबित हुआ। मगर, प्रधानमंत्री मोदी को यह योजना हमेशा खटकती रही, और पिछले कुछ सालों से इसे कमजोर करने की कोशिश करते रहे हैं। आज वो मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोज़गारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर दिया है, और अब ये बिल ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोज़ी-रोटी को भी खत्म करने का ज़रिया है। इस जनविरोधी बिल का पुरजोर विरोध करेंगे।

### नन्हें मुन्ने बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# उड़ान ने किया मेरी मां मेरी प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उड़ान जीएसएस सोसायटी द्वारा संस्था की संस्थापिका डॉ अनीता जी रावटे के मार्गदर्शन में मातृत्व के महत्व को रेखांकित करने के लिए 'मेरी मां मेरी प्रेरणा' शीर्षक से एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अपनी मां के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता की भावना को विकसित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें नन्हें बालकों द्वारा मेरी मां-मेरी अम्मी, पापा कहते हैं, पापा मेरे पापा गीतों पर नृत्य के माध्यम से अपनी मां के साथ साथ पिता प्रति भी भावनाएं व्यक्त कीं गईं। बच्चों ने बताया कि किस प्रकार मां उनके जीवन की प्रथम गुरु, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत हैं। नन्हे बच्चों ने ली शेल ओवर कम, इफ यू मिस द ट्रेन गीत आदि मधुर गीत प्रस्तुत किया, परमपिता यीशु को याद करते हुए कौन है महाराजा गीत पर भी नृत्य प्रस्तुत किया। परिवार में मां की महत्ता एवं स्थान को परिलक्षित करने वाला मर्मस्पर्शी नाटक भी नन्हे बच्चों ने मंचन किया। प्रांतीय पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने माताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को बच्चों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे वातावरण भावुक एवं प्रेरणादायी बन गया। कई माताओं की आंखें अपने बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति देखकर नम हो गईं । उड़ान जीएसएस के सदस्य एम निवास राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है।

मां न केवल परिवार की धुरी होती हैं, बल्कि समाज निर्माण में भी उनकी अहम भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन अफरोज बेगम एवं आभार प्रदर्शन मिताली गुरुंग ने किया। कार्यक्रम में दीक्षा कुरैशी, प्रीति, अनुज, साक्षी, रीना सभी का सहयोग रहा।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार//
क्रमांक/224/तह/वाचक/2025 बागबाहरा, दिनांक 16/12/2025
रा.मा.क्र.....ब /121, वर्ष 2025-26
ग्राम अमुरदा पहनं. 4
तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्वसाधरण जनता ग्राम अमुरदा पहनं. 4 रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है। आवेदक होमकुमार पिता शिव प्रसाद जाति तेली निवासी ग्राम अमुरदा तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे दादा घासीराम जाति तेली की मृत्यु दिनांक 12/08/1999 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उज्जर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 31.12.25 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बागबाहरा

# केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव, छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 16 दिसंबर को वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक संध्या धरोहर 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। जिला कलेक्टर व सह अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति केंद्रीय विद्यालय विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य संजय कंसल के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर रवि साहू, विशेष अतिथि जिपं सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण का संदेश देते हुए पौधे भेंटकर पारंपरिक स्वागत किया गया। अतिथि




परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यालय प्रतिवेदन के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शैक्षणिक-सहशैक्षणिक उपलब्धियों, पीएमश्री योजना के नवाचारों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक संध्या धरोहर में भारतीय संस्कृति के साथ विद्यार्थियों ने देशभक्ति नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गुजराती, राजस्थानी, मराठी, फ्यूजन, बंगाली, पहाड़ी, संबलपुरी हरियाणवी, पंजाबी एवं दक्षिण भारतीय नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह




लिया। कार्यक्रम में भारत की सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों ने तालियों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। ब्रास बैंड प्रदर्शन एवं एनईपी आधारित नाटक ने दर्शकों को आकर्षित किया। देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य-नाटिका के माध्यम से शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई, जिससे सभी की आंखें नम हो गईं। कक्षा दसवी की छात्रा राधिका ने भरतनाट्यम नृत्य से भारत की सुंदर नृत्य शैली को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अतिथियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को तीन चरणों में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन में सुरेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

शिक्षकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया। संचालन जेके चंद्राकर, ओपी चंद्राकर एवं दशरथ यादव ने किया। लोकेश सिंह, रोहिता, श्रीकांता एक्का प्रधान पाठिका, जीके निर्मलकर, वंदिनी जौहरी, टीआर चंद्राकर, विवेक शर्मा, प्रवीन कुमार साहू, सूर्य कुमार साहू, शिवानी, आर्यन, मनीषा, प्रताप सोनी, अभिषेक, स्वाती, दीक्षा, सोनिया, मोनिका, रत्नेश, भारती, वीना यादव, भूमिका, नील माधव, सोहन साहू, संस्कृति चंद्राकर, भूमिका देवांगन, राजेश, वीणा, संतोष गोदरे, गिरधारी, नारायण सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### जयंती कार्यक्रम में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम परसट्ठी में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। साथ में ग्राम प्रमुख सरपंच लेखराज साहू उपस्थित रहे। तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास (1756-1850) भारत के एक संत थे, जो छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के यहां अवतरित हुए थे। वे सतनाम पंथ जिसे आम बोलचाल में सतनामी समाज कहा जाता है, के प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त कर मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। इनसे समाज के लोग बहुत ही प्रभावित थे।

### गुरु घासीदास लोककला नर्तक दलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता कल

**महासमुंद।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आदेशानुसार जिला स्तर पर लोककला नर्तक दलों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित लोककला दलों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए भेजा जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार गुरु घासीदास लोककला नर्तक दलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता रविवार 21 दिसंबर 2025 को पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के मैदान में आयोजित की जाएगी।

### घोड़ारी में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर 30 को

**महासमुंद।** अनुसूचित जातियों के हित में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह शिविर 30 दिसंबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोड़ारी में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।



### सामाजिकजनों की स्वास्थ्य एवं बच्चों से ली शिक्षा की जानकारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष दीपावली पश्चात जिले में निवासरत सजातीय बंधुओं के घर-घर जाकर मुलाकात करते हैं। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि आदि ने ग्राम कोसरंगी, सिरगिड़ी तथा अरंड में रहने वाले गोस्वामियों से मुलाकात किया। इस दौरान विशेष रूप से घर के बड़े बुजुर्गो, विद्यार्थियों तथा छोटे बच्चों से उनके स्वास्थ्य तथा पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी ली गई। इसके अलावा सामाजिक संगठन तथा आगामी गतिविधियों के संबंध में भी अवगत कराया गया।

**व्यवस्था:** जिले में अभिनव पहल, पीएमजीएसवाय सड़कों में प्लास्टिक का उपयोग

# प्लास्टिक से सड़क, पर्यावरण की सुरक्षा और विकास की नई डगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास की दिशा में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जिले में अब प्लास्टिक कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग समुचित ढंग से उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़कों की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है, और पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुके प्लास्टिक कचरे का भी सार्थक समाधान निकाला जा रहा है।

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का अभिनव प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रयोग से सड़कों की टिकाऊ क्षमता में औसतन दो से तीन वर्षों की अतिरिक्त वृद्धि होगी ,आमतौर पर डामर से बनी सड़कों का औसत 4 से 5 साल टिकाऊ अवधि होती है, लेकिन प्लास्टिक मिश्रण से यह 6 से 7 साल



तक चलेगी। इसके साथ ही प्रति किलोमीटर निर्माण लागत में भी उल्लेखनीय बचत होती है और लागत अपेक्षाकृत कम आती है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जिले की 14 सड़कों, जिनकी कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर है, में प्लास्टिक का मिश्रण उपयोग किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए आने वाले समय में जिले की 44 सड़कों (लगभग 100 किलोमीटर) का निर्माण भी इसी तकनीक से किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत जिले के अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र एवं मनीकंचन केंद्र बागबाहरा से एकत्रित प्लास्टिक कचरे को मशीन से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। इस कार्य में दो महिला समूहों को भी रोजगार मिला है। इसके पश्चात पूरी सावधानी के साथ इसे गर्म डामर के मिश्रण में मिलाकर सड़क निर्माण में उपयोग किया जाता है। इस तकनीक से बनी सड़कें सामान्य सड़कों की तुलना में अधिक मजबूत, टिकाऊ और मौसम प्रतिरोधी होती है। पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती बने प्लास्टिक का इस तरह का उपयोग करना स्वच्छता, संरक्षण और विकास तीनों का संतुलित उदाहरण है। जिले के ग्राम झालखम्हरिया से कमार डेरा तक निर्मित सड़क तथा ग्राम जोरातराई से कमार डेरा तक निर्माणाधीन सड़क में भी प्लास्टिक मिश्रण का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है।

## जयंती पर बरेकेलकला में विविध आयोजन, प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**झलप।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती पर 18 दिसंबर को समीपस्थ ग्राम बरेकेल कला में भव्य एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ जैतखाम पर पालो चढ़ाकर की गई। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमुदाय का मनमोह लिया। जयंती समारोह के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजनों में सर्वसमाज की सहभागिता देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बना। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र ढीढी, जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेंडरे, सचिव मद्दादे, महामंत्री साय, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार (बागबाहरा), जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, जनपद सभापति बलविंदर 'सीटू' सलूजा, सरपंच टिकेश्वरी प्रवीण टंडन, नरतोरा सरपंच जीत राम पटेल, राकेश टंडन, प्रवीण टंडन, किशन केसरिया, राजा खोसा, डिंपल सलूजा, पप्पू मन्नाडे,नेमीचंद वर्मा, संचकुमार मन्नाडे, रविदेव वर्मा, मनोज सोनवानी, लक्ष्मण शतरंज, कपिलदेव कुर्रे, भोमराज पुरैना, भीषमदेव सोनवानी, धनेश्वर महिलांग, कमलेश गायकवाड़, हेमसिंह मनाडे, विजय मनाडे, तिलक वर्मा, अजीत कुमार, चंद्रदेव, अविनाश सागर, प्रीतम, छोटा कुर्रे, हर्ष टंडन, चंद्रगुप्त लहरे, चम्मन टंडन, राहुल महिलांग, राकेश टंडन, भीमराव जोशी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# समाज को एक सूत्र में पिरोया बाबा ने, 'मनखे-मनखे, एक समान' का संदेश देकर: निखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर के विभिन्न वार्डों में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04, 11 एवं वार्ड 21 एफसीआई रोड स्थित जैतखंभ की पूजा अर्चना कर नगर पालिका



अध्यक्ष साहू ने बाबा से समस्त नगरवासियों की समृद्धि तथा भाईचारे का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि बाबा ने मानवता का संदेश देते हुए मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद ओमिन कागजी, राहुल आवड़े, जय देवांगन, गुलशन साहू, मुस्ताक खान विक्की, धनेंद्र चंद्राकर, संजय भोई, प्रदीप मोहंती, समाज के पदाधिकारी रेखराम बघेल आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री का अपमान देश का अपमान : देवकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

■ कांग्रेस को सभी देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस द्वारा जिस कदर घोर अपमान किया जा रहा है, वह घोर निंदनीय है। दिल्ली में आयोजित कांग्रेस पार्टी के रैली में कांग्रेसियों द्वारा अपने आलाकमान की उपस्थिति में मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी, वोट चोर गद्दी छोड़ का अपमान जनक नारे लगाये गये। इस पर देवकी पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया सभापति जिला पंचायत महासमुंद ने कहा कि नरेंद्र मोदी भाजपा के ही



नहीं अपितु पूरे देश के प्रधानमंत्री है तथा वे 140 करोड़ देशवासियों का नेतृत्व भी करते हैं। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों के बीच मोदी के मृत्यु की कामना करना घृणित एवं अक्षम्य है, उन्हें मालूम है कि मोदी के जीते जी सिंहासन मिलना दिन में तारे गिनने के समान है। यह अपमान केवल नरेंद्र मोदी का ही नहीं वरण देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रुप में पूरे देशवासियों का अपमान किया गया है। कांग्रेस पार्टी को सभी देशवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए। कांग्रेसी स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है इसीलिए देश की जनता जनार्दन लगातार चुनाव दर चुनाव कांग्रेस पार्टी को नकारती जा रही है। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री के अपमान को जनता भूलेगी नहीं और आने वाले असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में भी करारा जवाब देगी।

# सोनासिल्ली में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

ग्राम सोनासिल्ली में बाबा गुरु घासीदास की 269वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूरे ग्राम को सजाया गया। सुबह 11 बजे शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए जैतखाम पहुंची। शाम 5 बजे पालो चढ़ाने का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, अध्यक्षता ग्राम सरपंच निर्मला जीतराम यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, ग्राम पंचायत सपोस किशोर चंद बघेल, खेमा बांधे पूर्व सरपंच सोनासिल्ली, धनेश्वर घृतलहरे अध्यक्ष सतनामी समाज सोनासिल्ली, मंगला सोनवानी भंडारी सतनामी समाज सोनासिल्ली ने उपस्थित ग्रामीणों को



गुरु के संदेश को बताया। कार्यक्रम में नोहर बांधे, डेहरा बंजारे, धनेश्वर घृतलहरे, कोमल घृतलहरे, राजू जांगड़े, खिलावन बघेल, गौतम टंडन, संजय घृतलहरे, संजय निराला, राजेंद्र, बुधराम, तुलसीदास, शुक्लदास, शिव मार्कंडेय, दुर्गेश जोगी, पुरुषोत्तम आदि उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास युवा शिविर सरकेल में कल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युवाओं को सही दिशा एवं सकारात्मक दशा प्रदान करने के लिए निरंतर विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में झलप इकाई के अंतर्गत सरकेल में 21 दिसंबर को एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आसपास के विद्यालयों झलप, तुरंगा, रायतुम, कछारडीह आदि के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान युवाओं का आह्वान, युवा कौन?, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं, व्यक्तित्व विकास के उपाय, स्वास्थ्य रक्षा के सूत्र, नशामुक्ति अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही प्राथमिक शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को गायत्री परिवार ट्रस्ट महासमुंद की ओर से स्वेटर वितरण किया जाएगा।



## बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित पार्षदगण पीयूष साहू, राहुल आवड़े, जितेन्द्र ध्रुव, भाजपा युवा नेता शरद मराठा, गौरव राठी शामिल हुए। इस अवसर पर देवीचंद ने कहा कि छग में बाबा गुरु घासीदास को सामाजिक और अध्यात्मिक जागरण के अग्रदुत के रुप देखा जाता है। उनके सिध्दांत विचार आज भी प्रांसगिक है। बाबा ने सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा, महिला उत्थान, बाल विवाह पर रोक जैसे कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया। जातिगत भेदभाव के लिए उन्होंने संदेश दिया कि मनखे-मनखे, एक समान है।

**नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डीएमसी ने किया निरीक्षण**

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरल गतिविधि शिक्षा आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकासखंड महासमुंद स्थित बीआरसी में आयोजित नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा एवं सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) संपा बोस ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यह प्रशिक्षण सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सरल एवं गतिविधि-आधारित बनाना है। निरीक्षण के दौरान डीएमसी रेखराज शर्मा ने प्रशिक्षण की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरल से सरल गतिविधि-आधारित शिक्षा आवश्यक है। नीति में यह स्पष्ट प्रावधान है कि शून्य आयु से अंतिम वर्ष तक मनुष्य निरंतर सीखता रहता है, इसलिए शिक्षकों को स्वयं सीखते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने रटंत



पद्धति को समाप्त कर ज्ञानात्मक, अनुप्रयोगात्मक एवं समझ आधारित प्रश्नों के निर्माण पर बल दिया तथा ब्लूप्रिंट के माध्यम से प्रभावी मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। एपीसी संपा बोस ने पेडागॉजी विषय पर प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यालयों में संचालित ईको क्लब की गतिविधियों की जानकारी फोटो के माध्यम से साझा की जाए। उन्होंने विद्यालय परिसरों में अधिक से अधिक हरियाली लाने, शासन द्वारा प्रदत्त राशि के समुचित उपयोग तथा पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हो रहे कार्यों के प्रदर्शन पर भी विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर रोशन लकरा, राधेश्याम ध्रुव, गोपेश्वरी साहू, लक्ष्मी मानिकपुरी, सीमा साहू, नीतिन वास्तव ने प्रशिक्षण की अवधारणा, उद्देश्य एवं व्यवहारिक पक्षों को गंभीरतापूर्वक स्पष्ट किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह बनाकर आपसी सहयोग से प्रयोग किए तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने चार दिन के प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रशिक्षार्थियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



## बैठक में पाली ने महासमुंद रेल्वे से संबंधित मांगों को रखा

**महासमुंद।** रायपुर रेल मंडल कार्यालय में रेल उपयोगकर्ता परमर्शदात्री समिति की बैठक में महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी के प्रतिनिधि के रुप में सतपाल सिंघ पाली ने महासमुंद की रेल्वे से संबंधित मांगों को बैठक में रखा तथा इस पर उचित समाधान का आग्रह किया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक दपूम रेल्वे राकेश सिंह को महासमुंद जिले के जनहित के कुछ आवश्यक विषय और मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली और मुंबई के लिए भी अमृत भारत ट्रेन की मांग, पुरी से गांधीधाम सुपर फास्ट के महासमुंद में स्टॉपेज, पुरी से सूरत सुपरफास्ट की भी महासमुंद में स्टॉपेज, एक्सप्रेस ट्रेनों का महासमुंद से रायपुर के बीच रेलवे टाइम टेबल में सुधार, शादी ब्याह जैसे पारंपरिक अवसर पर ज्यादा लोगों की टिकट बुकिंग एक साथ वैवाहिक कार्ड के अनुसार, यात्री प्रतीक्षालय मैं महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, एक्सप्रेस सप्ताह से 2 बार अमृतसर का, जम्मूतवी एक्सप्रेस पुर्नसचालन किए जाने की मांग की गई। बैठक में दयानंद जी डीआरएम रायपुर एवं अवधेश कुमार त्रिवेदी सीनियर डीसीएमआईआर मौजूद रहे।